आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन आज–दावे और आपत्तियां 17 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून– व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने को कहा।
3. सरकार ने देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए नए नियम अधिसूचित किए। नियम पहली जनवरी से लागू होंगे।
4. प्रधानमंत्री – सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल भर्ती एवं आश्वस्त उपचार योजना' के तहत द्वीपों के सात सरकारी अस्पताल नामित।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन आज किया जाएगा। सुझाव और आपत्तियां आज से सत्रह नवम्बर तक दर्ज की जा सकती है। सुझावों और आपत्तियों का निस्तारण उन्नीस नवम्बर तक किया जाएगा। मतदाता सूची की तैयारी और मुद्रण 20 से 23 नवम्बर और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन चौबीस नवम्बर को किया जाएगा। उधर, द्वीपसमूह में पंचायत और नगरपालिका परिषद की मतदाता सूची के लिए पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में सुझाव या आपत्तियां आज से 17 नवम्बर तक फार्म दो में दर्ज कराई जा सकती है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, पुलिस महानिदेशक रविंदर सिंह यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने अधिकारियों को कानून एवं व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, पूर्व में जारी निर्देशों की समीक्षा करने तथा दीपावली पर सभी नागरिक सुविधाओं की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण कर्मचारी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष तथा श्रम एवं रोजगार सचिव वंदना राव ने कल बोर्ड की 34वीं बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्र सरकार के मनोनीत प्रतिनिधि, प्रशासन, नियोक्ताओं तथा ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभों के विस्तार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। बोर्ड ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 99 दावों के निपटारे के लिए 23.16 लाख रुपये जारी करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। इनमें पेंशन लाभ, मातृत्व लाभ, चिकित्सा सहायता और मृत्यु सहायता शामिल हैं। वर्तमान में, बोर्ड पंजीकृत लाभार्थियों के लिए नौ कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहा है।

<><><><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय की ओर से 11 से 22 दिसंबर तक तेलंगाना में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमे 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग ले सकते हैं। एथलीटों का चयन वर्ष 2023, 24 और 25 के दौरान आयोजित मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों में से प्रत्येक खेल अनुशासन में सर्वश्रेष्ठ दो लड़के और दो लड़कियों का चयन कर उनका नाम वाइल्ड कार्ड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिन खिलाड़ियों का जन्म पहली जनवरी 2009 या उसके बाद हुआ हो, वे इसके लिए पात्र है। इच्छुक खिलाड़ी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 10 नवम्बर तक खेल सहायक पर्यवेक्षक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र खेल विभाग और प्रशासन के आधिकारिक पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

सरकार ने देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं, जो लगभग नौ दशक पुराने विमान नियम, 1937 की जगह लेंगे। भारतीय वायुयान नियम, 2026 अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होंगे। नियम के तहत नियमित हवाई सेवाएं संचालित करने वाली विमानन कंपनियों को परिचालन लागत सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हवाई किराया तय करना होगा और नागर विमानन महानिदेशालय को

किराये का विवरण सौंपना होगा। इन प्रावधानों के अंतर्गत कोई असाधारण स्थिति पैदा होने पर केंद्र सरकार जनहित में हस्तक्षेप करते हुए लिखित निर्देश जारी कर सकती है। विमानन कंपनियों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किराये की जानकारी प्रकाशित करनी होगी। इन नियमों में विमानों के पंजीकरण और प्रमाणन से जुड़े प्रावधान भी शामिल हैं।

<><><><><><><>

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री – सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल भर्ती एवं आश्वस्त उपचार योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत, मोटर वाहनों से जुड़ी सड़क दुर्घटनाओं के पात्र पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों की अवधि के लिए प्रति पीड़ित डेढ़ लाख तक के नकद रहित उपचार दिया जाएगा। सड़क दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन सहायता, एम्बुलेंस सहायता और निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी के लिए 112 डायल किया जा सकता है। नामित अस्पतालों के अलावा अन्य अस्पतालों को आवश्यकतानुसार रेफरल या ट्रांसफर से पहले योजना के तहत निर्धारित 'स्टेबलाइजेशन ट्रीटमेंट' प्रदान करना आवश्यक है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस योजना के तहत जी.बी. पंत, बिशप जॉन रिचर्डसन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डिगलीपुर, रंगत, ननकौड़ी और बम्बूफ्लाट को शामिल किया गया है। निजी अस्पतालों को भी इस योजना से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग ने सभी से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस योजना के तहत 8 दिवसीय प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम का कल समापन हो गया। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी, नोएडा के सहयोग से आयोजित इस पाठ्यक्रम में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ड्रोन इमेजिंग, कैमरा हैंडलिंग और पोस्ट–प्रोडक्शन को शामिल किया गया। प्रतिभागियों को अंडरवॉटर फोटोग्राफी और एस्ट्रो–फोटोग्राफी पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक आकांक्षा सिंह ने द्वीपसमूह में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी प्रशिक्षण कार्यशालाएं द्वीपों के विभिन्न स्थानों में भी शुरू की जा रही हैं, जिनमें स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप शामिल हैं। इसके अलावा, निदेशक ने आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की घोषणा की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार सेलिंग क्लब की ओर से युवा नौकायन को प्रोत्साहित करने के लिए 'लाइट अप रीगाटा' का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जल खेल के रूप में नौकायन को बढ़ावा देना, युवा नौकायन प्रतिभाओं को निखारना और नौकायन तथा समुद्री मनोरंजक गतिविधियों के गंतव्य के रूप में द्वीपसमूह की क्षमता को प्रदर्शित करना था। इस अवसर पर नौकायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सूचना, प्रचार एवं पर्यटन की निदेशक आकांक्षा सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। 'लाइट अप सैलिंग डिस्प्ले' के दौरान मरीना पार्क और फ्लैग प्वाइंट में नौकाओं पर रोशनी की गई।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत सिप्पीघाट में उद्योग निदेशालय के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर क्षेत्र की प्रधान ज्योति राज ने प्रशिक्षुओं के समर्पण और सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उद्योग निदेशालय के प्रतिनिधियों ने कहा कि महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों का कौशल सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास में विभाग हमेशा कार्यरत है।

<><><><><><><>